

दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 87 रविवार 20 अक्टूबर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

एक नजर

महेन्द्रनाथ पाण्डेय बनाए गए भाजपा यूपी चुनाव अधिकारी

लखनऊ (आभा)। प्रदेश भाजपा और जिलों में नए अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद अब यूपी में भी प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रह चुके डा. महेंद्रनाथ पांडेय को प्रदेश का चुनाव अधिकारी बनाया गया है। उनके साथ छह सह चुनाव अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इसमें सभी छह संगठनात्मक क्षेत्रों से एक–एक नाम को शामिल किया गया है। चुनाव अधिकारियों की टीम घोषित करने में सामाजिक समीकरणों का भी ध्यान रखा गया है।

भाजपा के सदस्यता अभियान के साथ ही अब संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया भी तेज हो चली है। प्रदेश संगठन द्वारा सुझाए गए नामों में से राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने शनिवार को प्रदेश के चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारियों की सूची जारी कर दी। प्रदेश में संगठनात्मक चुनाव कराने का जिम्मा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. महेंद्रनाथ पांडेय को सौंपा गया है। उनके साथ पश्चिम के क्षेत्रीय महामंत्री हरीश कुमार सिंह, बृज क्षेत्र से मैनपुरी के जिला प्रभारी अनिल चौधरी, कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र से फतेहपुर की जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, अवध के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा, काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार और गोरक्ष क्षेत्र से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र तिवारी को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

बैंक में सेंधमारी के मामले में मुकदमा दर्ज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। महराजगंज कस्बे में बड़ौदा यूपी बैंक में हुई सेंधमारी के मामले में कप्तानगंज पुलिस ने बैंक के कैशियर की तहरीर पर पकड़े गए चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई चल रही है।

शुक्रवार की देर रात कप्तानगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में स्थित बडौदा यूपी बैंक में एक संदिग्धा दिवस लोहे की खिड़की काटकर घुस गया था जिसे घुसते हुए मौके पर पहुंचे पुलिस के गार्ड ने देख लिया था वह हल्ला करने के बाद चोरी करने के नियत से घुसा युवक बैंक में ही छिप गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस और कस्बा वासियों ने बैंक को चारों तरफ से घेर लिया था पुलिस ने मामले की सूचना बैंक के जिम्मेदारों को दिए थी।

रात्रि 11.30 के करीब पहुंचे बैंक के जिम्मेदारों ने जब बैंक का ताला खोला तो पुलिस ने सघन तलाशी ली थी। इस दौरान बैंक के कोने में रैक के ऊपर कबाड़ के पास एक युवक बैठा दिखा था। जिसे पुलिस गिरफ्तार थाने ले गई थी। रात्रि में ही कप्तानगंज पुलिस ने बडौदा यूपी बैंक महाराजगंज शाखा के कैशियर राधेश्याम चौधरी की तहरीर पर बैंक में चोरी की नियत से घुसे चोर राम टोल पुत्र राम क्लप निवासी खेमराजपुर थाना हरैया जिला बस्ती के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई।

अश्लील वीडियो मामले में मुकदमा दर्ज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कलवारी थानाक्षेत्र की रहने वाली एक युवती संग जबरन शारीरिक शोषण कर अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

जम्मू–कश्मीर फिर बनेगा पूर्ण राज्य, उमर अब्दुल्ला कैबिनेट के प्रस्ताव को एल.जी. ने दिया मंजूरी

श्रीनगर (आभा)। गुरुवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पारित किया गया, जम्मू–कश्मीर के राज्य के दर्जे को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग करता है।

जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली कैबिनेट द्वारा पारित एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसमें केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया गया है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पारित किया गया, जम्मू–कश्मीर के राज्य के दर्जे को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने

की मांग करता है।

अधिक विवरण दिए बिना, अधिकारियों ने पुष्टि की कि एलजी ने प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा, 'राज्य का दर्जा बहाल करना एक उपचार प्रक्रिया की शुरुआत होगी, संवैधानिक अधिकारों को पुनः प्राप्त करना और जम्मू–कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा करना होगा।' कैबिनेट ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है।

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू–कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नवनिर्वाचित सरकार की नीति का आधार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने के लिए आगामी दिनों में नयी दिल्ली जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने चार नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का निर्णय भी लिया है और उपराज्यपाल से सत्र आहूत करने तथा उसे संबोधित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि पहले सत्र के लिए विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण का मसौदा भी मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा गया, जिसके बाद मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया कि इस पर विचार किया जाएगा।

राजनीतिक दलों ने शुक्रवार को कहा था कि प्रस्ताव में केवल राज्य का दर्जा देने का जिक्र है जबकि अनुच्छेद 370 का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने इस प्रस्ताव को पूरी तरह आत्मसमर्पण और सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के रुख के विपरीत बताया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) और अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस कदम की निंदा की और नेशनल कांफ्रेंस को अनुच्छेद 370 बहाल कराने का उसका वादा याद दिलाया।

राजेन्द्रनाथ तिवारी को भाजपा प्रदेश सह चुनाव अधिकारी बनाये जाने पर प्रसन्नता

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी सांसद डा. के. लक्ष्मण ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्रनाथ तिवारी को प्रदेश का सह चुनाव अधिकारी नामित किया है। श्री तिवारी पार्टी के नीति, नियम के अनुरूप भाजपा के पदाधिकारियों के चयन में सह चुनाव अधिकारी का दायित्व निभायेंगे।

भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्रनाथ तिवारी को प्रदेश का सह चुनाव अधिकारी नामित किये जाने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल, दयाराम चौधरी, सी.ए चन्द्र प्रकाश शुक्ल, गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, पूर्व महामंत्री, अजय सिंह गौतम, रविन्द्र गौतम, हमीर पाल, अमरनाथ सिंह के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा है कि निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी।

नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा 108 और 102 बस्ती का क्वालिटी टीम ने किया औचक निरीक्षण

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शुक्रवार और शनिवार को नि:शुल्क 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा बस्ती का स्टेट से आई क्वालिटी टीम ने देर रात और दोपहर में बस्ती जनपद में उपस्थित 108 एवं 102 एंबुलेंसों का निरीक्षण किया। ई.एम.आर.आई. ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की स्टेट क्वालिटी टीम में क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला, क्वालिटी मैनेजर आयुष कुमार तिवारी और अमित यादव ने अलग–अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर एम्बुलेंसों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस में उपस्थित सभी उपकरण एवं उनकी उपयोगिता के संबंध में ईएमटी से जानकारी ली गई। दवाईयां की उपलब्धता चेक की गई। एंबुलेंस स्टॉफ की कार्यशैली की भी जांच की गई।

चेकिंग के दौरान ई.एम.टी और पायलट को एंबुलेंस की साफ सफाई,एंबुलेंस में उपलब्ध उपकरण के संचालन ,उपलब्ध दवाओं के उपयोग और प्राथमिक उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया और रिस्पांस टाइम सही रखने के लिए भी विशेष ध्यान देने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया,जिससे जिले के सभी जरूरतमंद मरीज को बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके, साथ ही साथ एंबुलेंस की सुविधा को और बेहतर बनाया जा सके। क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला ने एंबुलेंस के रख रखाव मेडिकल उपकरणों व दवाइयों को जांच कर इनके इस्तेमाल की जानकारी एंबुलेंस पायलट तथा इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनो से ली तथा एंबुलेंस में सभी उपकरणों का सही समय पर इस्तेमाल करना,ऑक्सीजन देना और कम से कम समय मे मरीज को एंबुलेंस उपलब्ध कराना बताया, जिससे गंभीर मरीजों को समय से प्राथमिक उपचार देते हुए उन्हें सुचारु रूप से एक बेहतर सेवा के साथ अस्पताल मे भर्ती करने के लिए निर्देशित किया तथा समस्त एंबुलेंस चालकों को सेफ ड्राइविंग के संबंध में प्रोत्साहित किया। मौके पर 108 एंबुलेंस जिला के कार्यक्रम प्रबंधक राजन विश्वकर्मा, प्रभारी आशीष कुमार मिश्रा,राधेश्याम, आकाश कुमार एवं गुणवत्ता निरीक्षक अमित यादव मौजूद रहे।

प्रियंका त्रिपाठी को पी.एच.डी. उपाधि

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शहर से सटे लबनापार निवासी केशरी नारायण त्रिपाठी की पुत्री प्रियंका त्रिपाठी को गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा राजनीति विज्ञान विषय से ' गांधी दर्शन में आध्यात्मवादः समकालीन परिप्रेक्ष्य' में शोध की पी.एच.डी. उपाधि प्रदान की गई। प्रियंका त्रिपाठी ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर अनिल कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया। वे शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करना चाहती है।

प्रियंका त्रिपाठी अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, परिजन और गुरूजनों को देती है।

विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। हर्रैया थाना क्षेत्र के खम्हरिया गंगाराम गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष चन्द्र ने उचित कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

शुक्रवार की रात में चोर विद्यालय के विज्ञान – गणित कक्ष के दरवाजे में नीचे लगा ताला तोड़कर दरवाजे के निचले भाग को फैलाकर घुस गए और कक्ष में रखा एक कुंतल गेहूं और एक कुंतल चावल उठा ले गए। जबकि ऊपर का ताला लगा का लगा रह गया। प्रधानाध्यापक के अनुसार शनिवार की सुबह जब वो विद्यालय पहुंचे तो उन्हें

बरामदे में गेहूं और चावल बिखरा मिला तथा कक्ष का ताला टूटा मिला। तत्काल प्रधानाध्यापक ने 112 डायल करके पुलिस बुलवाया और उनके सामने कक्ष को खुलवाया। उक्त घटना के संबंध में प्रधानाध्यापक ने तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग किया है।

उप चुनाव में जीत के लिये मुख्यमंत्री योगी ने सौंपी जिम्मेदारी

लखनऊ (आभा)। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्रियों, जिलों के प्रभारी मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को एक बैठक की। बैठक में उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी नौ सीट पर उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी। मीटिंग में मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बैठक में यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़ें। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी दौ सीटों पर दो–दो

रैलियां करेंगे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने–अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी नौ सीट के लिए पूरी तैयारी कर चुकी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। चौधरी ने विश्वास जताया कि पार्टी न सिर्फ नौ घोषित सीटों पर विजय प्राप्त करेगी बल्कि जल्द ही दसवीं सीट भी घोषित होगी और वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी।

दीपावली से पहले सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश

लखनऊ (आभा)। प्रदेश सरकार ने शहरों में सड़कों को दीपावली से पहले अनिवार्य रूप से ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि सड़कों को विशेष अभियान चलाकर गड्ढा मुक्त किया जाए और जिनके टेंडर हो चुके हैं उनके काम पूरे कराए जाएं। प्रमुख सचिव आवास पी गुरुप्रसाद ने शासनादेश जारी करते हुए सभी विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद को इस संबंध में निर्देश भेज दिया है।

प्रमुख सचिव आवास की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सड़कों को लेकर बैठक हुई थी। इसमें सड़कों को ठीक कराने की अपेक्षा की गई है। कहा गया है कि आगामी पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आने–जाने वालों की संख्या अपेक्षाकृत बढ़ जाती है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी

प्रदेश में आते हैं। सड़कें ऐसी हो जिससे उस पर चलने में सुखद अनुभव हो।

नई सड़क बनाने और गड्ढामुक्त करने के लिए आधुनिक मशीनों का उपयोग करते हुए उन्हें अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाया जाए। शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए 10 अक्तूबर तक विशेष अभियान चलाया जा चुका है। इसीलिए अब 31 तक नए सिरे से अभियान चलाकर सड़कों को ठीक किया जाएगा। गड्ढामुक्ति अभियान में मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइजड रोड बनाने में प्राथमिकता दी जाए। सभी विभागों के पास सड़क मरम्मत के लिए पर्याप्त उपकरण होने चाहिए।

प्रदेश की प्रत्येक सड़क को अत्याधुनिक तकनीक के आधार पर बनाया जाए और अच्छी स्थिति में रखा जाए। सड़क निर्माण में नई तकनीकी जैसे फुल डैप्थ रीक्लेमेशन (एफडीआर) आदि का उपयोग किया जाए, जिससे निर्माण सामग्री व लागत की कमी आए। सुनियोजित तरीके से कम समय में गुणवत्तापूर्ण मार्गों का निर्माण किया जाए। विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद द्वारा बनवाई जाने वाले सड़कों की पांच साल की गारंटी हो । सांसदों व विधायकों की निधियों से बनी सड़कों का स्वामित्व पूर्व में जिस विभाग के पास हो उससे ही बनवाने के साथ मरम्मत कराई जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 9 मामले निस्तारित

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । सम्पूर्ण समाधान दिवस रूधौली तहसील सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए तथा सभी तथ्यों की भॅलीभॉति जांच करने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद ने बताया कि कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें से 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें

राजस्व के 30, विकास के 7, विद्युत के 4, समाच कल्याण के 03, पुलिस, लीड बैंक व पूर्ति के 2–2 तथा कृषि व नगरपंचायत 1–1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा. आर.एस. दुबे सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण व तहसीलदार उपस्थित रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर रूधौली तहसील परिसर में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन–सीटू मैनेजमेण्ट आफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कृषको को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उप कृषि निदेशक अशोक कुमार गौतम ने बताया कि जनपद में पराली ना जलाने हेतु कृषक बन्धुओं की जागरूकता के लिए प्रत्येक विकास खण्डों में प्रचार वाहन के माध्यम से जागरूक किया जायेंगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी रूधौली शाहिद अहमद, विभागीय अधिकारी व कृषक बन्धुगण उपस्थित रहें।

मनबढ युवक ने तोड़ दिया बाबा साहब की प्रतिमा ग्रामीणों की मांग पर स्थापित हुई नई प्रतिमा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। कप्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में मनबढ़ युवक द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिये जाने का मामला सामने आया है। प्रतिमा खंडित होने के चलते वह चबूतरे से उखड़कर भूमि पर जा गिरी, जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और अब वे नई प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग कर रहे थे। प्रशासनिक स्तर पर तत्काल प्रभाव से बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को स्थापित करा दिया गया है।

घटना उक्त थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव की है। गांव के ही युवक जयचंद चौहान पर आरोप है कि उसने शुक्रवार की रात्रि में डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि उसने कुछ लोगों के उकसाने पर ऐसा काम किया है, इस बात की जानकारी

जैसे ही ग्रामीणों को हुई उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

घटना को लेकर एसओ कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि जानकारी होने पर पुलिस टीम मौके पर गई थी, तहरीर प्राप्त होते ही युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है, स्थिति सामान्य है।

भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन, बुद्धेश राना, विनय कुमार, चन्द्र प्रकाश, राजेश कुमार, तिलकराम, विशाल कुमार गौतम, टार्जन माइकल,बृजेश सिंह, अजय कुमार, जगदीश प्रसाद, लवकुश कुमार आदि मौके पर पहुंचे और कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटना न होने पाये। भारत मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने कहा कि इस प्रकार की घटनायें दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी को भी महापुरूषों के अपमान का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

महन्थ यति नरसिंहानन्द सरस्वती के विरूद्ध कार्यवाही की मांगः सौंपा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । शनिवार को राज ए–मुस्तफा कमेटी कुसौरा बाजार के प्रबंधक मो0 इजहारूल हक अंसारी नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वारयल कराने वाले शक्तिधाम डासना देवी के महन्थ यति नरसिंहानन्द सरस्वती के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की मांग किया गया।

ज्ञापन देने के बाद मो0 इजहारूल हक अंसारी ने कहा कि कुछ लोग साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाडने की नीयत से पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन ऐसे

लोगों पर अंकुश लगाये। मो0 इजहारूल ने कहा कि शक्तिधाम डासना देवी के महन्थ यति नरसिंहानन्द सरस्वती के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की जाय। किसी को आपसी भाई चारा, सौहार्द बिगाडने का अवसर नहीं मिलना चाहिये।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अब्दुल रब, मुमताज अली, इरशाद अहमद, ऐजाज अहमद खान, जमशेद, अली हुसेन, मो. उमर, मो. इस्माइल, कयामुद्दीन, शाह आलम, मो. इरशाद, मो. जाफर, अतीक अहमद, सादिक हुसेन, शहजाद अहमद, मो. इस्लाम आदि शामिल रहे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 20 अक्टूबर 2024 रविवार

सम्पादकीय

नायब सिंह सैनी की दूसरी पारी

भले ही यह अप्रत्याशित हो, लेकिन यह एक टकसाली हकीकत है कि हरियाणा में भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिये स्पष्ट जनादेश मिला है। हो सकता है पार्टी यह कहे कि यह निर्णायक जनादेश भाजपा के शासन मॉडल के प्रति विश्वास मत के रूप में अभिव्यक्त हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जरूरत इस बात की है कि उन मुद्दों पर मंथन किया जाए जिनको लेकर चुनाव के दौरान जनता में असहजता थी। निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति–आत्मविश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति–आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है। दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं। चुनावी माहौल में जहां विपक्षी दल सत्ता पक्ष की रीतियों–नीतियों को लेकर मुखर होते हैं,वहीं ऐसे मौके पर जनता की अभिव्यक्ति का भी अहसास होता है। भाजपा जैसे कुशल संगठन वाली कैडर आधारित पार्टी से उम्मीद की जाती है कि जिस तरह उसने चुनावों में माइक्रो मैनेजमेंट किया, उसी तरह उसकी सरकार से भी उम्मीद की जाती है कि वह समस्याओं को भी बेहद करीब से सूक्ष्म स्तर पर महसूस करेगी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत ने एक संदेश यह भी दिया है कि महज सत्ताविरोधी रुझान ही चुनाव परिणामों की दिशा–दशा तय नहीं करते। बदलाव की आकांक्षा को सुशासन व बेहतर प्रबंधन के मुद्दे भी गहरे तक प्रभावित करते हैं।

निश्चित रूप से मुख्यमंत्री की दूसरी पारी में कार्यभार संभालने वाले नायाब सिंह सैनी की सरकार पर जनाकांक्षाओं का भारी दबाव होगा। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता से किये गए वायदों और उनके क्रियान्वयन होगा, जिससे जनता सुशासन की उपलब्धि महसूस कर सके। निश्चित रूप से किसी योजना की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि जनता उससे किस हद तक लाभान्वित महसूस करती है। कई बार व्यवस्था की विसंगति इस मार्ग में बाधक बन जाती हैं। इसके लिये आश्वासन व क्रियान्वयन में साम्य जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, पिछले मार्च में जब सैनी ने अपने गुरु मनोहर लाल खट्टर की छत्रछाया में सरकार का दायित्व हासिल किया था तो उन्हें राजनीतिक हलकों में गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में न केवल खुद को साबित किया बल्कि राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। निस्संदेह, हरियाणा के इस नये जनादेश के दूरगामी परिणाम होंगे। इतना ही नहीं इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में भी एक नया उत्साह भर दिया। यह उत्साह महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव अभियान में भी नजर आ रहा है। निश्चित रूप से इन चुनावों ने मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी का राजनीतिक कद बढ़ाया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद व संबल मिला है। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं तो उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्हें क्षेत्र व जाति की सीमाओं से परे 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य हासिल करना है। उनके लिये यह सुखद है कि जहां राज्य में उन्हें पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें मिलने से पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है,वहीं केंद्र से भी उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। निस्संदेह, उन्हें 'डबल इंजन की सरकार' के मुहावरे को साकार करने का अवसर मिला है। जरूरत इस बात की कि वे पूर्व सरकार के मुखिया की छाया से निकलकर शासन की नई सर्व स्वीकार्य दिशा तय करें। वे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम नजर आएं, जिससे राज्य में सरकार की स्वीकार्यता बढ़ सके। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ विधायकों का अनुभव व कनिष्ठ विधायकों की ऊर्जा मददगार होगी।

लोकतंत्र की डगर पर एक राष्ट्र, एक चुनाव

–शशि थरूर–

भारतीय लोकतंत्र की गरिमा बचाने वाला एक अनुग्रह है– हालांकि कुछ लोगों के लिए यह भारत की सबसे अधिक परेशान करने वाली खामियों में एक होगा कि व्यावहारिक रूप से यहां सदा कोई न कोई चुनाव चलता रहता है। इसलिए, पिछले आम चुनाव की गूंज जैसे ही खत्म हुई दृ जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पद पर तो बनाए रखा, लेकिन बहुमत के बिना और गठबंधन सरकार के नेतृत्व के साथ जल्द ही हरियाणा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिसके पिछले सप्ताह घोषित परिणामों ने राजनेताओं और चुनाव विशेषज्ञों, दोनों को चौंका दिया।

हरियाणा में मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अप्रत्याशित जीत हासिल की, जहां पर उसकी हार की उम्मीद बताई जा रही थी। वहीं जम्मू–कश्मीर में विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने अपने क्षेत्रीय सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर जीत पाई, जबकि वहां पर चुनावों में किसी भी पार्टी या गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की गई थी। जून के लोकसभा चुनाव में भी चुनाव पंडितों के कयास गलत निकले थे दृ उन्होंने भाजपा की तगड़ी जीत का अनुमान लगाया था दृ निश्चित रूप से भारत के मतदाता का अंदाजा पहले से नहीं लगाया जा सकता।

अपेक्षाओं को धता बताने के और अधिक मौके भारतीय मतदाताओं को शीघ्र ही मिलने जा रहे हैं। साल खत्म होने से पहले और दो राज्यों –महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव होने जा रहे हैं। उनके बाद नंबर दिल्ली का होगा, जिसके संकटग्रस्त मुख्यमंत्री ने हाल ही में इस्तीफा देकर समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है (जो वैसे भी अगले मार्च तक होने हैं)। दूसरे शब्दों में, चुनाव एक साथ होने के बजाय दृ भारत के 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में से हर कोई अपनी सरकारें चुनता है – भारत का यह चुनावी पंचांग अब बदलने की बात हो रही है।

मोदी सरकार के लिए, यह सारी चुनाव से संबंधित अनिश्चितता बहुत दूर निकल चुकी है। वह चाहते हैं कि भारत एक निश्चित चुनावी कार्यक्रम स्थापित करे, जिसके अंतर्गत लोकसभा (संसद का निचला सदन), राज्यों की विधानसभाओं और स्थानीय निकायों, सभी के लिए हर पांच साल में एक ही तारीख को मतदान हो। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च–स्तरीय समिति ने हाल ही में इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए एक बृहद रिपोर्ट तैयार की, जिसे पीएम मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नाम दिया है।

चुनावों की बारम्बारता वास्तव में किसी राष्ट्रीय सरकार के लिए एक चुनौती है। मसलन, जहां राज्य व स्थानीय चुनावों में अधिकांशत: स्थानीय मुद्दे प्रभावी होते हैं और अक्सर इन्हें राष्ट्रीय सरकार पर एक प्रकार के जनमत संग्रह के रूप में देखा जाता है। दूसरी ओर, स्वतंत्र चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव के दौरान शासन व्यवस्था ठप हो जाती है, ताकि कार्यकारी सरकार ऐसी नीतिगत घोषणाएं न करने पाए, जिससे कि मतदाता उनके पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित हो। इसके अलावा, राष्ट्रीय नेता चुनाव वाले राज्यों में प्रचार करने में व्यस्त हो जाते हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना राजनीतिक इतिहास होता है और अक्सर, उनकी अपनी पार्टियां भी। पीएम मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह अपने दस वर्षीय कार्यकाल के दौरान अंतहीन चुनावी अभियान में व्यस्त रहे, जिससे कि उनके अपने आधिकारिक कर्तव्यों के लिए बहुत कम समय बचा। प्रधानमंत्री मोदी की दलील है कि बार–बार चुनाव कराने से पैसा और समय दोनों बर्बाद होते हैं। हो सकता है उन्हें यह विचार भी आया होगा कि एक साथ चुनाव करवाने पर राष्ट्रीय पार्टियों और मुद्दों का फायदा राज्य चुनावों में मिल सकता है, ताकि राष्ट्र व्यापी चुनाव प्रचार में स्थानीय नेताओं और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना कम ही रहे।

विपक्ष इस प्रस्तावित सुधार को खारिज करता है, यह इंगित करते हुए कि सभी चुनाव एक साथ करवाने पर खर्च में जो भी मामूली बचत हो पाएगी, उसके बरक्स,चुनाव अभियानों में जिस प्रकार बड़े पैमाने पर पैसा लगाए जाने से आर्थिकी को प्रोत्साहन मिलता है, उससे वंचित होने का नुकसान होगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रस्ताव भारत के संघीय स्वरूप और विविधता को कुचलने का मंसूबा दर्शाता है, जोकि मोदी के एकात्मकवाद के प्रति लगाव को कार्यकुशलता के रूप में पेश करता है।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह अव्यावहारिक है, जिसको हम अपने अनुभवों से जानते हैं। स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने एक ही तारीख पर चुनाव करवाने वाली व्यवस्था कायम की थी। लेकिन यह व्यवस्था 1952 से 1967 तक, केवल पंद्रह वर्षों तक चल पाई। इसकी वजह भारत की संसदीय प्रणाली के मूल में निहित हैरू सरकारों के लिए विधायी बहुमत बनाए रखना जरूरी है। यदि कोई सरकार अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले बहुमत खो देती है, तो नए चुनाव होने चाहिए। हो सकता है कोई सरकार अपना बहुमत बढ़ाने की इच्छा से समय पूर्व चुनाव करवाने के लिए कहे।

यह अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग समय पर हो गुजरा है,और राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक बार हुआ है और आगे भी होता रहेगा, खासकर कई राज्यों में गठबंधन सरकार होने के कारण। भारतीय राज्य अपनी लय पर चलते हैं, जोकि दिल्ली में संघीय प्रणाली का ढोल बजाने वालों से बहुत अलहदा है। एक राष्ट्रीय गठबंधन सरकार, जैसी वर्तमान में मोदी के नेतृत्व वाली है, वह भी गिर सकती है। तब क्या? निश्चित ही, किसी सरकार के लिए नए सिरे से चुनावी जनादेश प्राप्त किए बिना सत्ता में बने रहना अलोकतांत्रिक होगा। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार तभी अर्थपूर्ण हो सकता हैजब मुख्य कार्यकारी सीधे चुने जाएं ताकि उनका जनादेश विधायी बहुमत पर आधारित न हो दृ दूसरे शब्दों में, राष्ट्रपति प्रणाली। और, वास्तव में, भारत में राज्यों और यहां तक कि संघीय स्तर पर भी ऐसी व्यवस्था बनाने लिए विमर्श चलाया जा सकता है, लेकिन मोदी ऐसा नहीं कर रहे।

भारत के लोकतंत्रवादियों को लंबे समय से विश्वास है कि राष्ट्रपति प्रणाली तानाशाही को बढ़ावा देगी, और इसीलिए इसका विरोध किया जाना चाहिए। लेकिन संसदीय प्रणाली ने अपनी किस्म की निरंकुशता बनाई है, क्योंकि अति आत्मविश्वासी कार्यपालिका ने विधायी बहुमत को हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। राष्ट्रपति प्रणाली में, कार्यपालिका एक स्वतंत्र विधायिका के प्रति जवाबदेह होगी,यह विधायिका को नोटिस बोर्ड और रबर की मुहर के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकती, जैसा कि भाजपा एक दशक से कर रही है।

लेकिन यह विचार अभी केवल एक सोच भर है, और भारत की संसदीय प्रणाली के अंतर्गत, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' किसी काम का नहीं है। हर प्रकार से,जिस आखिरी चीज की आवश्यकता भारतीय लोकतंत्र को है, वह है कुछ चुनाव होते रहना, वह एकमात्र व्यवस्था जिसके जरिए हम –भारतीय जनता– सरकार की अति महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ अपना मत दे सकते हैं। यह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मूलतः अलोकतांत्रिक बनाता है।

बहरहाल, हमें आगामी महीनों में होने वाले दो या तीन राज्यों में विधानसभा चुनावों का स्वागत करना चाहिए। शायद, भारतीय मतदाता अपने 'राजनीतिक आकाओं' को फिर से कुछ और चौंकाएंगे।

साभार – प्रोजेक्ट सिंडिकेट 2024

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का तकीनीकी युग

–सुश्री शोभा करंदलाजे–

वर्तमान समय में, विश्व तीव्र गति से एक ऐसे तकनीकी भविष्य की ओर बढ़ रहा है,जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक आख्यान का केंद्र बिंदु बन गया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का लक्ष्य हमारे युवाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जातिध अनुसूचित जनजाति से आने वाले समुदायों,महिलाओं, दिव्यांगजनों, पूर्वसैनिकों और आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों जैसे पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों से उद्यमिता को एक व्यवहार्य करियर मार्ग के रूप में लेने के लिए प्रेरित करना है। उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का विजन केवल कारोबार के सृजन तक ही नहीं, बल्कि इससे आगे तक जाता है। यह बेरोजगारी को संबोधित करने के साथ–साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इसके साथ ही, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई.)सैक्टर में ऋण गारंटी योजना की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है, जो मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपए तक के जमानत–मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है और यह सीधे तौर पर किफायती ऋण तक पहुंच की महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करती है तथा कारोबारियों को अपने व्यवसाय में उन्नत प्रौद्योगिकी में निवेश करने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। इस वर्ष के केंद्रीय बजट में संकट की अवधि के दौरान ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था को शुरू किया गया है जो सरकार–गारंटीड निधि द्वारा समर्थित है और ये व्यवसायों को गैर–निष्पादित परिसंपत्ति बनने से रोकने में मदद करता है और समग्र आर्थिक स्थिरता बनाए रखता है।

'तरुण' श्रेणी के तहत उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण को दोगुना करके 20 लाख रुपए करना एक काफी बड़ा प्रोत्साहन है,जो व्यवसायों को बड़े पैमाने पर बढ़ाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। कम टर्नओवर सीमा और विस्तारित पात्रता के साथ व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली में सुधार एम.एस.एम.ई. के लिए तरलता और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाता है।

3 वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एम.एस.एम.ई. समूहों में सिडबी शाखाओं का नियोजित विस्तार अधिक सुलभ वित्तीय सेवाओं का आश्वासन देती है, जिससे स्थानीय आध्थक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, 50 बहु–उत्पाद खाद्य विकिरण ईकाइयों और 100 एन.ए.बी.एल.–मान्यता प्राप्त खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा और नए बाजार के अवसर खुलेंगे। पी.पी.पी. मोड में ई–वाणिज्य निर्यात केंद्र का निर्माण एक और दूरदर्शी पहल है, जो एम.एस.एम.ई. और पारंपरिक कारीगरों को वैश्विक बाजारों तक अधिक आसानी से पहुंचने और डिजिटल बदलाव तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है।

नियोक्ता के कल्याण का भी ध्यान रखा जा रहा है। इस योजना के तहत नियोक्ताओं को एक लाख रुपए प्रति माह तक कमाने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मी के लिए 2 वर्ष के लिए 3,000 रुपए मासिक तक की प्रतिपूर्ति की जाती है, जिसका लक्ष्य 50 लाख नए कामगारों को रोजगार देना है। सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और क्रेश स्थापित करने के लिए उद्योगों के साथ भागीदारी करके एक ठोस कदम उठा रही है, साथ ही विशेष कौशल विकास कार्यक्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) उद्यमों के लिए बाजार तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। इसका आदर्श वाक्य है समावेशिता। दूसरी ओर, शैक्षणिक संस्थान ज्ञान और नवाचार के केंद्र हैं, लेकिन कभी–कभी उनमें व्यवहारिक अनुप्रयोग संदर्भों का अभाव पाया जाता है। एम.एस.एम.ई. नवप्रवर्त्तनकारी योजना इस अंतर को पाटती है और एक पारस्परिक संबंध बनाती है, जो दोनों क्षेत्रों को लाभ पहुंचाती है और इसकी वजह से हमारी अर्थव्यवस्था और व्यापक हो जाती है।

छात्रों के लिए, यह वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों और अवसरों के लिए मूल्यवान संपर्क मुहैया कराता है। एम.एस.एम.ई. के लिए, ये नए परिप्रेक्ष्य और नवीनतम शैक्षणिक शोध तक पहुंच प्रदान करता है, जो संभावित रूप से उनकी परिचालन चुनौतियों के लिए नव–प्रवर्तनकारी समाधान की ओर ले जाता है। आज तक, हमने पिछले 10 वर्षों में 17 करोड़ नौकरियों की उल्लेखनीय बढ़ौतरी देखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम एक ऐसे भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जहां विकास हर घर तक पहुंचे और हर व्यक्ति के जीवन को छुए तथा हमारी सामूहिक ऊर्जा को विश्वगुरु बनने के आदर्श की ओर ले जाए। (लेखिका केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री हैं।)

स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते कूड़े के पहाड़

–ज्ञानेन्द्र रावत–

दिल्ली में कूड़े के पहाड़ गंभीर समस्या बन चुके हैं, और इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी चिंता जताई है। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए गठित विशेष कार्यबल की बैठक में कचरे के निपटान में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर कचरा निपटान के लिए मौजूदा कानूनों के सख्त अनुपालन और कचरे से बिजली बनाने की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, सड़कों और निर्माण गतिविधियों में धूल नियंत्रण के उपायों को भी प्राथमिकता देने की बात की गई।

वास्तव में स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में वर्षों से जमा कूड़े के ढेरों को समाप्त करना था, जो अब पहाड़ की शक्ल ले चुके हैं। यह मिशन 2 अक्तूबर, 2014 को शुरू हुआ, और एक महत्वपूर्ण पड़ाव 1 अक्तूबर 2021 को आया जब एसबीएम–2.0 की शुरुआत हुई। इस योजना के तहत कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया, और यह सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में ऐसी समस्याएं न उभरें।

केंद्र सरकार ने कूड़े के ढेरों को समाप्त करने के लिए 3000 करोड़ रुपये से अधिक की योजना शुरू की थी, जिसमें राज्यों से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई थी। हालांकि, राजनीतिक दांवपेच के चलते इन कूड़े के पहाड़ों का निवारण अब तक नहीं हो सका है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में केवल 15 फीसदी कूड़े के पहाड़ कम हो पाए हैं, जिसकी आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा भी पुष्टि की गई है। यह स्थिति समस्या के समाधान में अनिच्छा और समन्वय की कमी को दर्शाती है।

देश में 2,421 कूड़ाघर हैं, जहां 1,000 टन से अधिक ठोस कचरा जमा है। आवास और शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, कूड़े के पहाड़ों में लगभग 15,000 एकड़ जमीन पर 16 करोड़ टन से ज्यादा कचरा फंसा है, जिसका निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। प्रयासों के बावजूद, केवल 470 स्थानों को पूरी तरह साफ किया जा सका है, जबकि 730 साइटें अभी तक निस्तारण की प्रक्रिया से बाहर हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर निकायों के पास कचरे के निस्तारण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है।

कुछ राज्यों की बात करें तो इस मामले में गुजरात शीर्ष पर है, जहां 202 लाख टन ठोस कचरे में से केवल 10.73 लाख टन कचरे का ही वहां निस्तारण होना बाकी है। जबकि देश की राजधानी दिल्ली में 203 लाख टन ठोस कचरे में से 126.02 लाख टन कचरे का निस्तारण अभी बाकी है। महाराष्ट्र में 388 लाख टन में से 242 लाख टन, पंजाब में 73.62 लाख टन में से 37.73 लाख टन, मध्य प्रदेश में 63.23 लाख टन में से 47.68 लाख टन, जम्मू–कश्मीर में 22.10 लाख टन में से 21.08 लाख टन, उत्तराखंड में 14.12 लाख टन में से 7.36 लाख टन और छत्तीसगढ़ में 6.54 लाख टन में से 0.52 लाख टन कचरे का निस्तारण अभी बाकी है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार 1,250 डंप साइटों में कूड़ा निस्तारण का काम पिछले दिनों शुरू कर दिया गया है।

राजधानी दिल्ली में लाख कोशिशों के बावजूद कूड़े के पहाड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां चार बार तो समय सीमा भी बदली जा चुकी है। सरकार, नगर निगम के बीच दांवपेच के चलते अभी तय की गयी दिसम्बर, 2028 की समय सीमा में फिर बदलाव हो सकता है। दिल्ली में गाजीपुर, ओखला और भलस्वा ये तीन मुख्य लैंडफिल साइटें हैं। यहां ओखला और भलस्वा में कचरा निस्तारण का काम बंद पड़ा है। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर निस्तारण प्रक्रिया की धीमी गति के कारण, वहां 30 लाख मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होना चाहिए था, लेकिन अब तक केवल 12 लाख मीट्रिक टन कचरे का ही निस्तारण हो सका है।

वहीं, नगर निगम की स्थायी समिति के गठन में विलंब के कारण नरेला–बवाना में 3000 टन प्रतिदिन और गाजीपुर में 2000 टन प्रतिदिन कचरे से बिजली बनाने वाले नए प्लांट की योजना स्वीकृति न मिलने के चलते अधर में लटकी हुई है। तेहखंड लैंडफिल पर भी लगे कूड़े से बिजली बनाने के प्लांट की कूड़ा निस्तारण क्षमता में 1000 टन रोजाना बढ़ोतरी की योजना भी अधर में लटक गयी है।

मौजूदा हालात पर नजर डालें, तो गाजीपुर, ओखला और भलस्वा लैंडफिल साइटों में कुल 159.87 लाख टन कचरा मौजूद है। यदि निस्तारण की गति इसी रफ्तार से बनी रही, तो उम्मीद है कि 2028 तक इन कूड़े के पहाड़ों को खत्म किया जा सकेगा। यह बात दीगर है कि कूड़े के पहाड़ पहले से कुछ कम जरूर हुए हैं। लेकिन इनके आसपास रहने–बसने वाले लोग, प्रदूषित व जहरीला पानी पीने से संक्रामक रोग, बुखार, किडनी में पथरी सहित पेट के रोगों और जहरीली बदबूदार हवा में सांस लेने के चलते फेफड़े, आंत्रशोथ, हृदय रोग के शिकार होकर मौत के मुंह में जाने को विवश होंगे।

वास्तव में जानलेवा बीमारियों की चपेट में आकर अनचाहे मौत के मुंह में चले जाना इन लोगों की नियति बन गयी है। जब तक इन कूड़े के पहाड़ों की समस्या हल नहीं हो जाती तब तक आसपास बसी बस्तियों के लोगों को इन जानलेवा बीमारियों से निजात मिलना मुश्किल है।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न पकड़ी नौनिया ओवर ऑल चैंपियन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–
महराजगंज। दो दिवसीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। इसमें में पकड़ी नौनिया ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल चौंपियन होने का गौरव प्राप्त किया तथा न्यायपंचायत खुटहा को उपविजेता की ट्रॉफी मिली। समापन समारोह में विजेता टीम को शील्ड तथा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया ।

क्षेत्रीय व्यायाम शिक्षक सदर महराजगंज अखिलेश पाठक ने बताया कि बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक बालक कबड्डी में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा खुटहा को सिल्वर मेडल बालिका कबड्डी में दरौली को गोल्ड तथा खुटहा को सिल्वर मेडल प्राथमिक बालक खो खो में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा महुआवा को सिल्वर मेडल प्राथमिक बालिका खो खो में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा खुटहा को सिल्वर मेडल मिला । जूनियर बालक कबड्डी में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा सिल्वर खुटहा को मिला ,जूनियर बालिका कबड्डी में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा दरौली को सिल्वर मेडल जूनियर बालक खो खो में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा महुआवा को सिल्वर मेडल जूनियर बालिका खो खो में पकड़ी नौनिया को गोल्ड तथा सोनरा को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ ।

प्राथमिक बालक वर्ग में किशन महुअवा ने ब्लॉक चौंपियन होने का गौरव प्राप्त किया जबकि खेल के दौरान ही उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया और हॉस्पिटल से प्लास्टर करा कर पुनः क्रीड़ा स्थल पर आकर अपना चौंपियनशिप ट्राफी प्राप्त किया ।बालिका वर्ग में रंजना पकड़ी नौनिया ब्लॉक चौंपियन तथा जूनियर बालक वर्ग में ऋषिकेश पकड़ी नौनिया तथा सोनाली पकड़ी नौनिया ने चौंपियन होने का गौरव प्राप्त किया ।समूह गान में पिपराबाबू को गोल्ड मेडल तथा पकड़ी नौनीया को सिल्वर मेडल ,लोकगीत में पिपरा बाबू को गोल्ड तथा सोनरा को सिल्वर मेडल मिला ।विजेता खिलाड़ियों को बैजनाथ सिंह, डा0त्रिभुवन गोपाल,बलराम निगम आदि ने पुरस्कृत किया ।अमरेंद्र प्रताप , मौसम, नर्वदा चंद,नवनीत पटेल सुजीत कुमार ,नवनीत पाण्डेय,यशवंत राव ,मुकेश कुमार ,राजेश धारियां,कविता गौतम ,दीपाली,कृष्ण कुमार मद्धेशिया,राजकिशोर,साकेत जैन,रवि यादव ,वेद त्रिपाठी,अखिलेश मिश्रा, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे । संचालन पंकज कुमार मौर्य और दिवाकर ध्वज सिंह ने किया ।

मण्डलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

–भारतीय बस्ती संवाददाता–
बस्ती। मंडल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को किसान इंटर कॉलेज भानपुर के परिसर में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ तहसीलदार भानपुर पंकज कुमार गुप्ता तथा किसान इंटर कॉलेज की प्रबंधक रोशनी पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता की पहली दौड़ सीनियर बालक वर्ग 800 मी. का शुभारंभ तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें संतकबीरनगर जिला विजई रहा। संतकबीरनगर के भोलू प्रथम, सिद्धार्थनगर के रोहित द्वितीय तथा बस्ती के अजय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। तहसीलदार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ अपने जनपद के गौरवार्थ प्रतिभाग करें और अपने साथ–साथ अपने जिले का भी नाम रोशन करें।

–800 मीटर दौड़ में जनपद संतकबीरनगर अव्वल

आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार राय ने बताया कि यह प्रतियोगिता सोमवार तक चलेगी जिसमें मंडल के सभी जिलों की विजई टीमें और खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक मण्डल में प्रभाकर रंजन ओझा, माता प्रसाद त्रिपाठी, अमित यादव, कृष्ण कुमार पाठक, संतोष पाण्डेय, सुनील विश्वकर्मा, प्रदीप त्रिपाठी, शैलेन्द्र, नवनीत पाण्डेय, विवेक श्रीवास्तव, अरुण कुमार, जोखू , विजय मणि शामिल रहे। संचालन अजय कुमार वर्मा ने किया।

